# PLI योजना के तहत ग्लूकागॉन का विनिर्माण

**स्रोत:बिज़नेस स्टैण्डर्ड**

हाल ही में सरकार ने वर्ष 2026 से भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना के तहत **ग्लूकागॉन जैसे पेप्टाइड रिसेप्टर एगोनिस्ट (GLP-1RA)** ड्रग्स (दवा) के विनिर्माण का फैसला किया है।

- **GLP-1RA, मधुमेह रोधी दवाओं** के वर्ग से संबंधित है जिसका उपयोग **वज़न घटाने** के लिये भी किया जाता है।
- **GLP-1RA** के अलावा निवेशक **ओज़ेम्पिक (मधुमेह के लिये)** और **वेगोवी (मोटापे के लिये)** जैसी अन्य दवाएँ बनाने की भी योजना बना रहे हैं तथा इस क्रम में **PLI योजना** के तहत भारत में विनिर्माण हेतु प्रोत्साहन मिलेगा।
- घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के क्रम **में PLI योजना एक महत्त्वाकांक्षी योजना** है, जिससे आयात में कमी आने के साथ रोज़गार सृजन को प्रोत्साहन मिलेगा।
- **मार्च 2020** में शुरू की गई इस योजना के तहत **वर्तमान में 14 क्षेत्र** शामिल हैं।
- इस योजना के तहत **घरेलू तथा विदेशी कंपनियों** को भारत में विनिर्माण हेतु वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है, जो पाँच वर्षों तक के उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर निर्धारित होता है।

**और पढ़ें:** उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/glucagon-manufacturing-in-pli-scheme